समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# एक तरफ ट्रेड डील पर बात कर रहा चीन-अमेरिका, दूसरी तरफ डबल कमाई का टाटा ने बनाया ये प्लान।

Publisher

Published on 12 May 2025




## वाशिंगटन और बीजिंग के बीच टकराव के बाद एपल ने अपना कारोबार भारत मे शिफ्ट करने का प्लान बनाया है. प्लाट मे प्रंति घंटे करीब 300 से 500 आईफोन यूनिट्स का प्रोडक्शन किया जा सकेगा.

ट्रंप के टैरिफ के चलते बढ़ा तनाव अमेरिका और चीन के बीच अब लगभग खत्म होने की कगार पर है. दोनों देशों के बीच जेनेवा में पिछले दो दिनों तक चली लंबी बातचीत के बाद व्यापारिक समझौते पर सहमति बन गई है. व्हाइट हाउस की तरफ से बकायदा इस बारे में बयान भी जारी किया गया है. यानी दोनों देशों के बीच टैरिफ के चलते जो टकराव था, वो अब खत्म हो जाएगा.

दूसरी तरफ टाटा भारत में आईफोन के प्रोडक्शन को बढ़ाने के प्लान पर काम कर रही है. इकोनॉमिक टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि दक्षिणी राज्य तमिलनाडु के होस्सुर में नए प्लाट में बन रहे आईफोन का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है है और मई में इसकी शिपमेंट भी शुरू हो जाएगी.

आईफोन का बढ़ाया प्रोडक्शन
टैरिफ के चलते एपल ने मुख्य मैन्युफैक्चरिंग हब चीन से अना प्रडक्शन भारत में शिफ्ट करने का प्लान बनाया है. वाशिंगटन और बीजिंग के बीच टकराव के बाद एपल ने अपना कारोबार भारत में शिफ्ट करने का प्लान बनाया है. प्लाट में प्रति घंटे करीब 300 से 500 आईफोन यूनिट्स का प्रोडक्शन किया जा सकेगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें आईफोन 16 और 16e का प्रोडक्शन किया जाएगा.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये प्लांट दिसंबर 2027 तक पूरी तरह से संचालित किए जाने की उम्मीद है. जब ये प्लांट पूरी क्षमता के साथ चलेगी तो इसमें करीब 50 हजार नए रोजगार पैदा होने का अनुमान लगाया जा रहा है. हालांकि, टाटा ने इस पर किसी तरह की कोई टिप्पणी नहीं की है. दूसरी तरफ ताइफान के Foxconn के भी 2.6 बिलियन डॉलर की लागत से प्लांट तैयार किया जा रहा है और आने वाले दिनों में जल्द ही प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा.

भारत शिफ्ट कर रही एपल
गौरतलब है कि आईफोन के कुल वैश्विक प्रोडक्शन का इस समय करीब 75 चीन में बनाया जाता है, जबकि भारत में 18 प्रतिशत ही प्रोडक्शन हो रहा है. एपल ने कदम उठाते हुए अमेरिका में बिकने वाले सभी आईफोन को 2026 के अंत तक भारतीय फैक्ट्रियों में तैयार करने का फैसला किया है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.